Topic ४२

कण्ड्वादिगण की धातुएँ

कण्ड्वादिभ्यो यक् ।

एभ्यो धातुभ्यो नित्यं यक् स्यात् स्वार्थे । कण्डूञ् गात्रविघर्षणे । कण्डूयति । कण्डूयते । इत्यादि ।

'कण्डूञ्' आदि धातुओं के बाद 'यक्' प्रत्यय होता है। उदाहरण के लिए 'कण्डू' धातु से 'यक्' प्रत्यय होकर 'कण्डूय' रूप बनता है। इस स्थिति में इसकी धातुसंज्ञा होने पर लट् लकार के प्रथमपुरुष - एकवचन में तिप्, शप् और पर-रूप होकर 'कण्डूयति' रूप सिद्ध होता है, आत्मनेपद प्रत्यय आने पर 'कण्डूयते' रूप बनता है।